तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार, 23 नवंबर 2024

14 स्वच्छता ही सेवा की थीम में सात दिवसीय रासेयो शिविर..



14 उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ...






## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा 29 से आयोजित, कलश यात्रा का होगा आयोजन



**धनेलीकन्हार।** कांकेर ब्लाक के ग्राम धनेलीकन्हार में जागरक महिला क्लस्टर बिहान के बहिनों से कांकेर में 29 नवंबर से आयोजित होनी वाली श्रीमद् भागवत कथा व कलश यात्रा का आमंत्रण देने पहुंचे जनपद पंचायत कांकेर अध्यक्ष राम चरण कोर्राम व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा ने कहा कि पंडित हिमांशु कृष्णा भरतद्वाज महाराज कांकेर के नया बस स्टैंड में भागवत कथा का वाचन करेंगे। कथा के पहले दिन विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नरहरदेव मैदान से नया बस स्टैंड कथा स्थल तक जाएगी, इसमें आप सभी माताओं की सहाभागीता बनी रहे। उन्होंने ऐसे धार्मिक आयोजन में सनातनी भाईयों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही।

### पेड़ से गिरकर घायल युवक की हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत लिलेझर निवासी 25 वर्षीय ओमेश्वर पिता शोभितराम का ईलाज के दौरान धमतरी के जिला अस्पताल में 31 मार्च को मौत हो गया। मृतक पेड़ से गिरकर घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घायल की हुई मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत रतेसरा के पास हुई सड़क दुर्घटना में कांकेर थानांतर्गत ग्राम मनकेशरी निवासी 28 वर्षीय शिवा बडोले पिता ईश्वर की इलाज के दौरान धमतरी के निजी अस्पताल में 29 अक्टूबर को मौत हो गई। चारामा पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घायल नाबालिग की हुई मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत भर्रीटोला के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुए नाथियानवागांव निवासी 17 वर्षीय लोमन मंडावी पिता स्व. दिलीप की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल को इलाज के लिए धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। थाना धमतरी में शून्य में मर्ग कायम कर मर्ग डायरी चारामा थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### सर्व आदिवासी समाज की बैठक कल भानुप्रतापपुर में

**भानुप्रतापपुर।** सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक भानुप्रतापपुर के पुनर्गठन व शहीद वीर नारायण सिंह के मूर्ति का अनावरण कराने पर चर्चा के लिए 24 नवंबर रविवार को सुबह 11 बजे शहीद गैंदसिंह हल्बा भवन भानुप्रतापपुर में बैठक रखा गया है। आयोजित बैठक में समस्त ब्लॉक अध्यक्ष व सचिव सर्किल अध्यक्ष, मांझी, गायता, पटेल, युवा प्रभाग, महिला प्रभाग के पादधिकारी व आदिवासी समाज के वरिष्ठ सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार करने तथा नाम विलोपन के लिए 28 तक है मौका

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 79-अन्तागढ़ (अजजा), 80-भानुप्रतापपुर (अजजा) और 81-कांकेर (अजजा) अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों में 29 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। जारी आदेशानुसार सभी पात्र मतदाता अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी अथवा मतदान केन्द्र में उपस्थित शेष पेज 12 पर

**भूमिपूजन : जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप व विधायक विक्रम ने किया भूमिपूजन**

# परलकोट जलाशय के 30 करोड़ की मरम्मत से 9 हजार हेक्टेयर में होगा सिंचाई सुविधा का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- 22 करोड़ रुपए की लागत के दो कार्यों की घोषणा

पखांजूर क्षेत्र में स्थित परलकोट जलाशय के 30 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से आरबीसी एवं एलबीसी गेट की मरम्मत तथा आरबीसी नहर आरडी 14 किलोमीटर तक लाइनिंग कार्य एवं ट्रफ निर्माण कार्य का भूमिपूजन 22 नवंबर को प्रदेश के जल संसाधन, संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप और विधायक विक्रम उसेंडी ने किया। जल संसाधन मंत्री ने ग्रामीणों की मांग पर लगभग 22 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाले दो निर्माण कार्यों की घोषणा किया।

पखांजूर के परलकोट जलाशय क्षेत्र में आयोजित भूमिपूजन समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र कृषि व उत्पादन के मामले में बहुत उन्नत है। स्थानीय लोगों की प्रेरणा से अन्य कृषक नवाचार सीखते हैं, चाहे मछली पालन हो, मक्का या धान उत्पादन हो। छत्तीसगढ़ राज्य का लगभग 37 से 40 प्रतिशत मछली का उत्पादन इसी क्षेत्र से होता है।

इस क्षेत्र में एकीकृत खेती के अलावा बत्तख पालन, मछली पालन, सूअर पालन, बकरा पालन, मुर्गा पालन, दुग्ध उत्पादन आदि के लिए उन्नत तकनीकी का उपयोग किया जाता है। इन व्यवसायों को बढ़ावा देने पूरे प्रदेश में 500 दुग्ध उत्पादन केन्द्र और 500 फिश हेचरी के लिए सहकारी समिति इसी वर्ष गठित की जानी है और इसके लिए सबसे बेहतर व अनुकूल क्षेत्र कापसी, बांदे, पखांजूर का क्षेत्र है। इस दौरान उन्होंने घोषणा किया कि परलकोट नहर में निर्माण के लिए जलाशय के बायीं तट की मुख्य नहर में 10 किमी लाइनिंग कार्य के लिए लगभग 15 करोड़ रुपए का बजट प्रावधानित किया, जिससे कि सिंचाई की समुचित व्यवस्था हो सके। इसके अलावा बारदा आश्रम एनीकट निर्माण कार्य के लिए 07 करोड़ की स्वीकृति प्रदान किया।





### कानून से बड़ा कोई नहीं, बख्शा नहीं जाएगा



जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मैं यहां आ रहा था, तभी मुझे विधायक विक्रम उसेंडी ने बताया कि यह वहीं टैंक है, जहां पर एक अधिकारी का मोबाइल गिर गया था और पूरा पानी निकाल दिया था। कोई भी अधिकारी हो, इस बात को सुनिश्चित करें, कानून से बड़ा कोई नहीं होता। लोगो के लिए पीने का पानी, सिंचाई का पानी वो महत्वपूर्ण है, आपकी सामग्री क्या गिरी है वो महत्वपूर्ण नहीं है। ऐसी घटना की कभी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए, कोई भी हो, बख्सा नहीं जाएगा।

### 15 हजार किसानों को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ

जलाशय से वर्तमान में 5400 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है, जबकि उक्त निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से 9000 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस प्रकार मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाने के 3600 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र में वृद्धि होगी, जिससे पखांजूर क्षेत्र के 67 ग्रामों में निवासरत 15 हजार से अधिक किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### परलकोट की पुरानी मांग हुई पूरी

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित अंतागढ़ विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि परलकोट क्षेत्र की पुरानी और बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है, जिसका लाभ आने वाले समय में अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की सरकार बने एक साल पूरा नही हुआ है और आपको खैरकट्टा जलाशय के जीर्णोद्धार के साथ गेट निर्माण का काम, 14 किमी निर्माण का 30 करोड़ का काम स्वीकृत हो गया। निश्चित रूप से किसान भाईयों को इसका लाभ होगा।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

भूमिपूजन समारोह में नगर पंचायत पखांजूर की अध्यक्ष मोनिका साहा, वनमंडलाधिकारी हेमचंद पहारे, एसडीए अंजोर सिंह पैकरा, जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता धर्मेन्द्र मेश्राम, एसडीओ धींवर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

# विधायक ने आदिवासी भवन का किया लोकार्पण ग्रामीणों में दिखा उत्साह




हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम चिल्हाटी में नवनिर्मित आदिवासी भवन का लोकार्पण भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी के मुख्य आतिथ्यि में हुआ। लोकार्पण करते हुए विधायक ने बतायाकि 19 लाख रुपए का सीसी सड़क स्वीकृत हुआ है और इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को राहत मिल जाएगी। आयोजित कार्यक्रम में चिल्हाटी के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि आदिवासी भवन बनाने पर इस क्षेत्र के लोगों को बैठक व अन्य कार्य के लिए अब सुविधा मिलेगी। भवन बनने से निश्चित ही समाज व ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। विधायक ने ग्रामवासियों को जानकारी साझा करते हुए कहा कि 19 लाख रुपए का सीसी रोड का कार्य स्वीकृत भी हुआ है। रोड बनाने से आने जाने में आसानी होगा। विधायक ने कहा कि गांव और गांव के लोगों के विकास के लिए सदैव मैं आप लोगों के साथ खड़ी हूं। आप लोगों को जब भी मेरी जरूरत हो, बेझिझक हमसे बात कर सकते है। ग्रामीणों को जो उत्साह देखने को आज के कार्यक्रम में मिला, उससे मेरा भी उत्साह दुगना बढ़ा है। हम सभी मिलकर विकास कार्य के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष सोनाराम तेता, गोंडवाना अध्यक्ष चंदन गोटी, जनपद सदस्य कुमान टेमुन्ना, रामचरण कोरेटी, प्रतिभा सलाम, कुंवर सिंह नेताम, अकरम कुरेशी,गणेश सोनी शेष पेज 12 पर

# कम पानी की जरूरत वाली दलहन-तिलहन फसलों की पैदावार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य लाभकारी फसल लेने जिले के किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में खरीफ के मौसम में तो धान की खेती बहुतायत मात्रा में की जाती है, किन्तु ऐसे किसान जिनके पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, उनके द्वारा रबी के मौसम में भी धान की खेती की जाती है, जिससे भूमिगत जल का अनावश्यक दोहन होता है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि एक एकड़ ग्रीष्म धान में लगने वाले आवश्यक सिंचाई जल से 2.5 एकड़ में मक्का एवं 3 एकड़ में दलहल, तिलहन की खेती की जा सकती है, जिससे गिरते हुए भू-जल स्तर को भी रोकने में मदद मिलेगी। साथ ही कृषकों की आय में बढ़ोतरी होगी और ग्रीष्मकालीन धान के बदले फसल चक्र में दलहनी फसलों के समावेश से भूमि में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ेगी, जिससे मृदा उर्वरता में वृद्धि होगी। भूजल स्तर बना रहे तथा मूलभूत आवश्यकताओं के लिए जल संसाधन की कमी न पड़े, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार किसानों को धान के बजाय दलहन-तिलहन और अन्य सब्जीवर्गीय फसलों की पैदावार लेने के लिए समझाइश दी जाती है, वहीं मिट्टी की उर्वराशक्ति और कीट मित्र जीवित रहे, इसके फसल चक्र परिवर्तन पर जोर दिया जाता है। कृषि में दलहन-तिलहनी फसलें शामिल करके कीट-व्याधियों के जीवन चक्र में बाधा उत्पन्न कर इनके प्रकोप में कमी की जा सकती है। साथ ही रासायनिक कीटनाशकों व व्याधिनाशक दवाओं के उपयोग में कमी होने पर भूमि व जल स्त्रोतों के जहरीले होने से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन धान जिनकी जड़ें उथली होती हैं, उनके बजाय दलहन-तिलहन लगाने से जड़ों के अधिक फैलाव के कारण भूमि क्षरण की समस्या से भी बचा जा सकता है और खरपतवारों को काफी हद तक नियंत्रित करने में भी सहायता मिलती है। उप संचालक कृषि ने यह भी बताया कि ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य शेष पेज 12 पर

# नाबालिग अपहृता को 24 घण्टे के भीतर किया बरामद, दुष्कर्म के आरोपी को किया जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



चारामा थाना में नाबालिग के परिजन ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि 17 नवंबर की उनकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कही चली गई है। आसपड़ोस व रिश्तेदारों के यहां पता तालाश किया गया लेकिन, कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात व्यक्ति नाबालिग बेटी को बहला फसला कर अपहरण कर ले गया है। मामला नाबालिग बालिका से संबधित होने से प्रकरण की गंभीरता के देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन और एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में जांच चारामा पुलिस ने प्रारंभ किया। मुखबिर से जानकारी मिली के धमतरी जिला के थाना सिहावा के लटियारा बेलर में होने की जानकारी मिलने पर टीम ने दिए गए लोकेशन पर घेराबंदी कर अपहत बालिका को आरोपी लाटियारा बेलर निवासी 19 वर्षीय महेश मरकाम पिता शीतलराम मरकाम के घर से बरामद किया गया। नाबालिग ने बताया कि वर्ष 2023 में नरहरपुर में अपने रिश्तेदार के यहां रहकर पढ़ाई कर रही थी, वहीं आरोपी से परिचय हुआ। शादी का झांसा देकर 17 नवंबर को फोन करके बुलाया तो अपने घर से करीबन 3 बजे लिफ्ट लेकर तारसगांव मोड़ के पास पहुंची। आरोपी वहां पर पहुंचा और अपने साथ लाटियारा बेलर लेकर गया। 17 से 20 नवंबर तक उसके घर में थे, जहां पर आरोपी ने नाबालिग जानते हुए मना करने के बावजूद तुमसे शादी करूंगा बोलकर बहला फुसलाकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया है। मामले में अपहृता के कथन पर से अपराध धारा 64, 64 (2) (ड), 65(1) बीएनएस 4,6 पॉक्सो एक्ट का अपराध घटित होना पाए जाने से प्रकरण में धारा 64, 64 (2) (ड), 65 (1) बीएनएस 4,6 पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया है।

विवेचना के दौरान आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर महेश मरकाम द्वारा अपराध धारा का घटित करना स्वीकार किया, जिसे 21 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजहा गया।

# सांसद निवास घेराव के दौरान पुलिस प्रशासन और किसानों के बीच हुई झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंतागढ़



- किसान तीन गांव में धान खरीदी केंद्र खोलने की कर रहे थे मांग

विकासखण्ड अंतागढ़ के करेंगांव क्षेत्र के चार पंचायत के सैकड़ों किसान 22 नवंबर को करीबन 1 बजे अंतागढ़ में करेंगांव में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर सांसद भोजराज नाग के अंतागढ़ स्थित निवास का घेराव करने पहुंचे। घेराव के दौरान बैरिकेट्स को लांघने के दौरान किसानों और पुलिस के मध्य जमकर झूमाझटकी हुई और कुछ समय के लिए स्थिति गंभीर बन गई थी।

अंतागढ़वासियों का कहना था कि पुलिस प्रशासन ने सांसद निवास जाने वाले तीनों मार्ग पर बैरिकेट्स लगाकर भारी मात्रा में जवान तैनात किए गए थे, जिससे हॉस्पिटल के पास जाम की स्थिति बन गई। बैरिकेट्स लगे होने से आने जाने वाले अंतागढ़ के आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा और अपने गंतव्य तक पहुंचने करीब दो किलोमीटर घूमकर आने जाने के लिए मजूबर हुए। धरना दे रहे किसानों के द्वारा प्रशासन के लगाए बैरिकेट्स के सामने जवानों के साथ जमकर झूमाझटकी भी हुई। आंदोलनकारियों ने सांसद से मिलकर बात करने के जिद पर अड़े रहे। सांसद के मौजूदगी नहीं होने पर किसान बैरिकेट्स के सामने ही धरना पर बैठ गए जो, लंबे समय तक जारी रहा। किसानों का कहना है कि धान खरीदी केंद्र की मांग को लेकर क्षेत्र के किसान पिछले साल से शासन प्रशासन से आवेदन निवेदन करते आ रहे है। विधायक द्वारा धान खरीदी के केंद्र खोलने के लिए आश्वाशन भी दिया गया था, परंतु अब तक खरीदी केंद्र नही खुल पाया है, जिसके चलते आज हमको घेराव करना पड़ा। हमारी माँगे जब तक पूर्ण नही होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। अंतागढ़ एसडीएम राहुल रजक के आश्वासन पर ग्रामीण 4 बजे धरना समाप्त किया।

### कलेक्टर की मुख्य किसानों से होगी बैठक

*सांसद निवास घेरने आए 12 गांव के किसान बैरिकेट्स के पास धरने पर बैठ गए जो ठोस आश्वासन नहीं मिलने पर करीब 4 बजे तक बैठे रहे। अंतागढ़ एसडीएम राहुल रजक के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया, वहीं एसडीएम ने बताया कि किसानों से कहा है कि कल 23 नवंबर को कलेक्टर से कुछ किसान प्रतिनिधियों की मुलाकात कराकर कलेक्टर से चर्चा करेंगे, जिसमें कुछ जाने वाले किसानों की सूची दी गई है।*

**रावघाट रेल एवं इस्पात परियोजना के लिए तय हुई रणनीति**

# रावघाट परिजयोजना से प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए रणनीति तैयार करने पर गहन चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



बस्तर संभाग का विकास केन्द्र एवं राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। अतः इन क्षेत्रों में निवासरत प्रभावित ग्रामीणों को अपेक्षित लाभ दिलाने सभी संबंधित फर्म व विभाग समन्वित करें, जिसका उन्हें प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उक्त बातें दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना और रावघाट इस्पात परियोजना के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त डोमन सिंह ने कही।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष कांकेर में 22 नवंबर को दल्लीराजहरा-रावघाट रेल परियोजना एवं रावघाट इस्पात परियोजना के संबंध में चर्चा किया गया, जिसमें कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने अलग-अलग एजेण्डों पर अब तक हुई कार्रवाई के संबंध में जानकारी दिया। इसमें दल्लीराजहरा से अंतागढ़ तक रेललाइन निर्माण, ताड़ोकी से रावघाट के रेल्वे ट्रैक का कार्य, राजमार्ग संख्या-5 से ताड़ोकी रेल्वे स्टेशन का मरम्मत कार्य, 53 गोद ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति, रावघाट परियोजना अंतर्गत लंबित कार्य, ईको डेव्हलपमेंट अंतर्गत पूर्ण-अपूर्ण कार्यों की समीक्षा किया गया। इसी तरह रावघाट परियोजना अंतर्गत क्षेत्र में स्कूल तथा अस्पताल निर्माण कार्य, रेल्वे लाईन से प्रभावित परिवारों को रोजगार एवं अन्य लाभ, रावघाट परियोजना अंतर्गत रोजगार की मांग, रावघाट रेल्वे लाइन से प्रभावित परिवार को स्टायफण्ड प्रदाय करने के संबंध में समीक्षा, रावघाट प्रभावित क्षेत्र में परिवहन एवं रोजगार के क्षेत्र में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना, रावघाट अंतागढ़ बफर जोन के बेरोजगार युवाओं को ड्रायविंग की ट्रेनिंग, रावघाट परियोजना अंतर्गत कार्य प्रारंभ करने के संबंध में समीक्षा, आतुरबेड़ा जलाशय के डांगरा व्यपवर्तन कार्य, तूमपाल से कोसरोण्डा तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य, कोयलीबेड़ा से कोसरोण्डा तक तथा कोसरोण्डा से पांडरगांव तक सड़क निर्माण कार्य, मोबाईल टॉवर स्थापना, वन अधिकार पत्र धारकों की भूमि को रावघाट परियोजना के लिए अधिग्रहण करने एवं प्रभावितों को रोजगार प्रदान करने के संबंध में चर्चा किया गया।

आयोजित बैठक में डीआईजी अमित तुकाराम काम्बले, डीआईजी बीएसएफ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला, वनमंडलाधिकारी, एएसपी आईपीएस संदीप पटेल सहित सीमा सुरक्षा बल, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं रेलवे, बीएसपी तथा विभिन्न कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### रासेयो का सात दिवसीय शिविर घोड़ाबत्तर में




**भानुप्रतापपुर।** एनएसएस इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीरागांव का सात दिवसीय शिविर ग्राम घोड़ाबत्तर में आयोजित किया गया है। शिविर के तृतीय दिवस की शुरूआत योग से किया गया। उसके पश्चात परियोजना कार्य में तालाब के आसपास की सफाई की गई। बौद्धिक परिचर्चा में अतिथि के रूप में हरिराम मधुकर एवं भगत शांडिल उपस्थित रहें। शिविरार्थियों को देश के लिए सेवा करने वाले अहिल्याबाई होल्कर और रानी दुर्गावती के संघर्ष और सेवा के बारे में विस्तार से बताया गया। स्वास्थ्य विभाग भानुप्रतापपुर केंवटी के स्टाप ने बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में बताया और सभी विद्यार्थियों का हेल्थ चेकअप किया गया। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी लकेश साहू एवं सहयोगी के रूप में डोमेंद्र उईके उपस्थित रहें।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी

**कोण्डागांव।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा गुरूवार को विकास खण्ड माकड़ी के शासकीय हाई स्कूल ठेमगांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य छत्रपालशाह जुर्री, व्याख्याता कृष्ण कुमार बेलसरिया एवं सहायक ग्रेड–02 लोकेश कुमार दर्रो बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित कर्मचारियों को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दिया गया है।

### भाजपा की नई शराब नीति खतरनाक : नमन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ में सरकार द्वारा नई शराब नीति लागू की गई है जिसके तहत मनपसंद एप के माध्यम से शराब पहुंचाई जाएगी। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष नमन बंजारे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं जिसका प्रमुख कारण नशा है। फिर भी भाजपा सरकार जनता को ऐप के माध्यम से नशा परोसने का काम कर रही है। आगे कहा कि पूर्व में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने कोरोना काल में पढ़ाई तुंहर द्वार, कवच ऐप, सीजी काप ऐप, मितान ऐप जैसे अनगिनत ऐप जनता की सुविधा के लिए मुहैया कराई, वहीं डबल इंजन वाली भाजपा सरकार अपराध, अवैध उत्खनन और अवैध शराब बिक्री की फिक्र छोड़ मनपसंद जैसी शराब परोसने वाली ऐप लॉन्च कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।

### लोक कला महोत्सव के लिए 27 तक प्रविष्टियां मंगाई

**धमतरी।** गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव वर्ष 2024-25 आयोजन के लिए 27 नवम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिला स्तर के कार्यक्रम में भाग लेने हेतु इच्छुक जिला स्तर के पंथी नृत्य दलों, समूहों को प्रस्तुत प्रविष्टियों के साथ ही अनुसूचित जाति लोक कला दल का पूर्ण विवरण, अनुसूचित जाति वर्ग में अपनी पारम्परिक कला के माध्यम से चेतना जागृत करने तथा सामाजिक उत्थान के लिए यदि कार्य किए गए हैं, तो इसका विवरण प्रस्तुत करना होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 27 नवम्बर की शाम 5 बजे तक दल, समूह कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में उपस्थित होकर प्रविष्टियां प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कांग्रेस सरकार में हुए घोटालों पर भी दो शब्द बोले विधायक : चेतन

**धमतरी।** भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने कहा कि धमतरी विधायक को रेत चोरी, अवैध प्लाटिंग जैसे मुद्दे खूब नजर आ रहे जबकि भाजपा सरकार बनने के बाद इन पर अंकुश लगाने का काम हुआ है। विधायक को जनप्रतिनिधि का धर्म निभाते हुए कांग्रेस सरकार के समय हुए घोटालों पर भी दो शब्द बोलना चाहिए। शराब घोटाले से लेकर गोबर घोटाला तक भूपेश सरकार में हुआ। उस समय सिर्फ भ्रष्टाचार का बोलबाला था। यही कारण है कि कांग्रेस के आधे से ज्यादा नेता अब जमानत में घूम रहे हैं। घोटालों के कारण ही जनता ने कांग्रेस को नकारकर सत्ता भाजपा को सौंपी है। सत्ता जाने का गम कांग्रेसी अब तक पचा नहीं पा रहे हैं। विष्णु सरकार में सुशासन लौट आया है। अवैध कारोबार को संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर नियमित कारवाई हो रही है।

### इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई

**नगरी।** विधायक कार्यालय में इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि इंदिरा गांधी के योगदान और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने आज के भारत के लिए जो सपना देखा था उसे हम सबको मिलकर पूरा करने का प्रयास करना चाहिए।

## खेलकूद : जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का दूसरा दिन

# खो-खो और व्हॉलीबॉल में कोण्डागांव और कबड्डी में फरसगांव ब्लॉक ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के दूसरे दिन पुरुष सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में आज एथलेटिक्स विकासनगर स्टेडियम, कराते टाउन हॉल, खो–खो एन.सी.सी. ग्राउण्ड, व्हॉलीवाल व कबड्डी खेल परिसर बड़ेकनेरा रोड, एवं बैडमिंटन खेल का आयोजन विकासनगर इण्डोर स्टेडियम में किया गया। जिसमें कोण्डागांव, फरसगांव, माकड़ी, बडेराजपुर एवं केशकाल विकासखंड के खिलाड़ी सम्मिलित हुए।





### ये खिलाड़ी रहे विजेता

एथलेटिक्स 100 मी. दौड़ में गौरव बंजारे, 200 मी. सरकील कोर्राम, 400 मी. दौड़ मंगलू राम, रिले रेस में निर्मल दीवान, भूपेन्द्र, विष्णु, त्रिभुवन, शॉटपुट में रोशनलाल, डिस्कस थ्रो में समीर केमरो, जेवलीन में समीर केमरो एवं लम्बीकूद में रतेन, ऊँचीकूद में कैलास नेताम, बैडमिंटन में सन्नी रवानी, युगल में चंदन मिनोचा एवं दीपक मिनोचा, कराते में धनेश्वर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार खो–खो में कोण्डागांव प्रथम, कबड्डी में फरसगांव ब्लॉक व व्हॉलीवॉल में कोण्डागांव विजेता रहा। प्रथम तीन विजेताओं को व्यक्तिगत खेल में प्रथम 2000/– द्वितीय 1500/– तृतीय 1000/– एवं दलीय खेल में प्रथम 4000, द्वितीय 3000/– एवं तृतीय 2000/– प्रदाय किया गया। इसके साथ ही मेडल एवं प्रमाण पत्र व भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र दिया गया।

### वन मंत्री ने किया जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का 100 मीटर दौड़ के लिए हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

नारायणपुर। प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने बालक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 100 मीटर दौड़ के प्रतिभागी खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। वन मंत्री कश्यप ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ने का मौका मिलता है, जो उनके व्यक्तिगत और सामाजिक विकास में सहायक होगा। बस्तर ओलंपिक में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कराठे, तीरंदाजी, खो.खो, कबड्डीए फुटबॉल, वॉलीबॉल और रस्साकसी जैसे विभिन्न खेलों की प्रतिस्पर्धाएँ शामिल हैं जो जिले के खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का एक बड़ा मंच मिला है। इस मौके पर सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, जिला पंचायत सदस्य प्रताप मण्डावी, रानो पोटाई, गंगादई सॉरी, मंगली कावड़े, सुमित्रा सलाम, गौतम, संदीप झां, रीता मण्डल, कलेक्टर श्री बिपिन मांझी, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, वनमंडलाधिकारी सचिकानंदन के, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन और खेल अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# वन मंत्री केदार ने किया जिले के खनिज न्यास निधि के स्वीकृत कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के खनिज न्यास निधि के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कश्यप ने बैठक में कहा कि जिले में उद्यानिकी और मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक कार्य योजना तैयार करें। साथ ही उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क सुविधाओं के विकास के लिए नियद नेल्लानार योजना के तहत किये जा रहे कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की स्थिति की जानकारी ली और शिक्षा अधिकारी को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि विद्यार्थी बेहतर लाभ उठा सकें। इसके अलावा उन्होंने दिव्यांग विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए परीयना विद्यालय के बारे में जानकारी ली। वन विभाग की समीक्षा करते हुए कश्यप ने कहा कि इमली की प्रोसेसिंग और पैकेजिंग करने से इसे तमिलनाडु जैसे स्थानों पर निर्यात किया जा सकता है, जिससे कार्य करने वाले समूहों को अच्छा मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने खनिज न्यास निधि से प्राप्त डीएफ फंड की जानकारी ली और उद्यान विभाग के अधिकारियों से जिले में लीची, केले, जिमीकंद, अदरक और हल्दी जैसे कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बिपिन मांझी ने नियद नेल्लानार योजना के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी और बताया कि गारपा मसपुर तक सड़क निर्माण कर बस सेवा नियमित रूप से चल रही है, जिससे ग्रामीणों को बहुत सुविधा हो रही है।

बैठक में सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, जिला पंचायत सदस्य रानो पोटाई, गंगादई शोरी, मंगली कावड़े, सुमित्रा सलाम, बडेज़म्हरी सरपंच रामबती कचलाम, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, वनमंडलाधिकारी सचिकानंदन के, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# भरण्डा मोड़ में ट्रैक्टर बीच रोड में ही ट्राली के साथ पलटा

**नारायणपुर।** जिले के भरण्डा मोड़ के पास रोड में गड्ढा होने के कारण ट्रैक्टर ओवरस्पीड होने के चलते ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिसके चलते ट्रैक्टर बीच रोड में ही ट्राली के साथ पलट गया। इसमें चालक अमर ट्रैक्टर से कूद कर अपनी जान बचाया, लेकिन कुछ बालक समझ पाते उससे पहले ही ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से उसमे सुखी, रुपेश, विजय ट्रैक्टर के नीचे दब गए। चार नाबालिग ट्रैक्टर लेकर रावघाट मुरुम निकलने जा रहे थे। ट्रैक्टर को पातुर्बेड़ा निवासी अमर उम्र 17 साल चला रहा था। इसमें तीन और नाबालिग सुखी 12 साल, रुपेश 10 साल, विजय 11 साल सवार थे। ट्रैक्टर जिस समय पलटा, उसी समय अंतागढ़ से कोंडागांव की ओर जाने वाली बस पहुंच गयी। बस मे 108 के जिला प्रबंधक गौतम कुमार भी सवार थे।

उन्होंने पहले 108 एम्बुलेंस को तुरंत घटनास्थल की ओर आने के लिए निर्देश दिया, फिर बस मे सवार यात्रियों के साथ ट्रैक्टर मे दबे बालकों को निकलने का प्रयास किया। काफ़ी मशक्कत के बाद दबे लोगों को निकला गया। तब तक संजीवनी एम्बुलेंस भी पहुंच गयी थी। इसमें बालक सुखी के कमर में गहरी चोट आयी है। संजीवनी की टीम ने प्राथमिक उपचार करते हुए सभी घायलों को जिला अस्पताल नारायणपुर मे भर्ती किया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

# गांव-गांव में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराएंगी बैंक सखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

गांव में बैंकिंग सुविधा व वित्तीय लेन–देन को बढावा देने के उद्देश्य से कार्य कर रही बैंक सखियों के कार्योंर् के संबंध में जिले के सभी विकासखण्डों के गांव–गांव में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शिबहान के समूह से जुड़ी दीदीयों द्वारा दीवार लेखन कर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसके माध्यम से बैंक सखियों द्वारा दी जाने वाली सुविधा जैसे राशि जमा व निकासी करना, बिजली बिल भुगतान, टी.वी. व मोबाईल रीचार्ज, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन, उद्यम प्रमाण पत्र बनाने जैसी सुविधाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए आपका बैंक आपके द्वार का नारा दीवारों में लेखन कर बैंकिंग सुविधा से लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करते हुए बैंक सखी का नाम, बैठने का स्थान समय व दिन की जानकारी दी जा रही है।




# बस्तर संभाग से लोकेश गायकवाड प्रदेश सलाहकार बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख के निर्देशानुसार प्रदेश पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। महासचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा जारी सूची में कुल 24 पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें दीप्ति पांडे प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जगदलपुर, छगन यादव कोषाध्यक्ष चारामा, हृदय राम सोरी कांकेर, मुन्नालाल देवदास गरियाबंद, रोहित जंघेल छुई खदान खैरागढ़, तामेश्वर साहू राजनांदगांव, श्याम चंद्रा सक्ति, दयानंद वर्मा दुर्ग को उपाध्यक्ष बनाया गया है।



जितेंद्र पटेल मोहला मानपुर को प्रदेश संयोजक, प्रदीप कुलदीप कांकेर को सचिव, रामकुमार साहू बालोद सहसंयोजक, लोक राम साहू गरियाबंद सह सचिव का दायित्व दिया गया। सीताराम साहू श्याम बालोद और कांशीराम जैन कांकेर को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं चिंताराम सेन महासमुंद को समन्वयक, देव कुमार साहू कबीरधाम को सह समन्वयक बनाया गया है। प्रमोद जैन बालोद को प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा लोकेश साहू कांकेर को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

कुंज लाल साहू मोहला मानपुर, त्रेता चंद्राकार दुर्ग, नंदकुमार साहू महासमुंद, नारायण प्रसाद वर्मा रायपुर, पुष्पा मिश्रा बालोद, लोकेश गायकवाड केशकाल को प्रदेश सलाहकार बनाया गया है। प्रदेश के प्रथम संस्थापक अध्यक्ष मोहन मंडावी पूर्व सांसद को मुख्य संरक्षक मनोनीत किया गया है। ज्ञात हो कि श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संविधान के अनुसार प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा समस्त संत एवं महंत मुख्य संरक्षक हैं। इसी क्रम मे बस्तर संभाग से लोकेश गायकवाड व्याख्याता को प्रदेश सलाहकार के पद पर मनोनीत किया गया है।

# नशामुक्ति जनजागरुकता अभियान एक युद्ध नशे के विरुद्ध, की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नशामुक्ति जनजागरुकता अभियान एक युध्द नशे के विरुद्ध के तहत संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। इसकी शुरुआत कोतवाली थाना परिसर से करते हुए 10 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान किया गया।




कोटपा अधिनियम का उल्लंघन पाये जाने सम्बंधी जिला प्रशासन, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को एसपी शलभ सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के नेतृत्व मे विशेष कोटपा चालानी कार्यवाही की गई। जिला कोटपा प्रवर्तन दल के सदस्यों तथा जिला टास्क फोर्स के सदस्यों खाद्य व औषधि विभाग, स्वास्थ्य परिवार कल्याण, पुलिस, आबकारी, नगर निगम, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, महिला व बाल विकास, उद्योग विभाग व अन्य सामजिक संगठनो के द्वारा सयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान कोतवाली प्रभारी शिशवानंद सिंह, प्रभारी नार्को सेल डीसीआरबी श्रीनिवास वर्मा, उमाशंकर साहू एनटीसीपी (जिला सलाह्कार तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम ) की टीम द्वारा कोतवाली परिसर से रवाना होकर शहर के दुकानो पान ठेले मे कोट्पा एक्ट के उल्लघ्न करते पाये जाने वालो व सार्वजनिक स्थान मे धुम्रपान करते पाये जाने वालो 10 लोगो के विरूध चालानी कार्यवाही करते हुए की 1600 रुपए राजस्व वसूली की गई। एसपी ने बताया कि यह चालानी कार्यवाही थाना व चौकी स्तर पर प्रतिमाह व सयुक्त रूप से शहरी क्षेत्र मे जन जागरुकता के साथ सचालित किया जायेगा।

# धोखाधड़ी का दूसरा आरोपी हबीबगंज में पकड़ाया

- रोबोट ट्रेडर्स एफएक्स कंपनी में लाभ दिलाने की थी लाखों की धोखाधड़ी
- एक आरोपी को पहले ही भेजा जा चुका है जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

चिटफंड कंपनी में निवेश कर ज्यादा लाभ दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रूपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने हबीबगंज भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

पुलिस के अनुसार रोबोट ट्रेडर्स एफएक्स लिमिटेड नामक कंपनी की ट्रेडिंग कंपनी बताकर निवेश करने पर ज्यादा लाभ दिलाने भिलाई निवासी देवकृष्ण साहू व ज्ञानप्रकाश साहू ने वर्ष 2022 से स्थानीय गोकुलपुर निवासी उमेश पटेल से 8 लाख 67 हजार 680 रुपए जमा कराया। यही नहीं आरोपियों ने अन्य



लोगों को भी अधिक रिटर्न मिलने का प्रलोभन देते हुए 1 करोड़ 17 लाख 5 हजार 365 रूपए से अधिक की राशि जमाकर धोखाधड़ी की। उमेश की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू व देवकृष्ण साहू दोनों भिलाई निवासी के खिलाफ धारा 420 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी। पुलिस ने पीड़ित को आरोपियों द्वारा भेजे गए कंपनी के पीडीएफ व अपने बैंक एकाउंट के दस्तावेज की प्रतियां जप्त कर आरोपी देवकृष्ण साहू को 10 दिन पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दूसरा आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू फरार था। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी थी। सूचना पर पुलिस टीम को भोपाल रवाना किया गया। यहां पुलिस ने करोड़ों रूपए की धोखाधड़ी के दूसरे आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू पिता राजेंद्र 36 वर्ष कोहका भिलाई निवासी को हबीबगंज भोपाल से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश किया। आरोपी देवकृष्ण साहू की गिरफ्तारी के बाद दूसरा आरोपी ज्ञानप्रकाश साहू फरार होकर भोपाल के हबीबगंज में छिपा हुआ था। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, एसआई लक्ष्मीकांत शुक्ला एवं साइबर टीम से नितिन पांडेय, आरक्षक युवराज ठाकुर, आनंद कटकवार सहित थाना स्टाफ का सहयोग रहा।

### डीपीएस के छात्रों ने कृषि विकास के क्षेत्र पर विदेशी तकनीकी मॉडल बनाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

डीपीएस के कक्षा दसवीं के छात्र लक्ष्मी पवार, अंशुमान व हर्षवर्धन ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स की सहायता से सतत कृषि विकास के क्षेत्र में विदेशी तकनीकी पर नए मॉडल बनाए। मॉडल में बच्चों ने अल्ट्रासोनिक, टेंपरेचर ह्यूमिडिटी सॉइल मॉइश्चर जैसे विभिन्न प्रकार के सेंसरो का उपयोग किया। मॉडल में मुख्य रूप से नवीनीकरण ऊर्जा (मूवेबल सोलर सिस्टम), अपशिष्ट प्रबंधन, जल संचय में रैन अलर्ट सिस्टम, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, मलचिंग डिजिटल सिस्टम व आधुनिक कृषि पद्धति, नेट हाउस पॉलीहाउस, ग्रीनहाउस, कार्बन फुटप्रिंट रिडक्शन के क्षेत्र में डीजल को स्थानांतरित कर बैटरी से चलने वाले रिमोट कंट्रोल हार्वेस्टर का प्रारूप बनाकर छात्रों ने बताया कि कम समय में कम लागत पर इन रणनीतियों को लागू कर कृषि उद्योग में सतत विकास कैसे प्राप्त किया जा सकता है।

# राज्य सरकार फिर से दें मछुआरों को आदिवासी का दर्जा : परमेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

- विश्व मछुआरा दिवस पर समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्य हुए सम्मानित

धीवर समाज ने विश्व मत्स्य दिवस पर मछुआरों का सम्मान किया। मछुआरों ने मछली पालन में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने साय सरकार से सन 1950 से पहले से मिल रही आदिवासी आरक्षण का दर्जा वापस देने की मांग करते हुए सड़क की लड़ाई लड़ने एकजुट होने का आह्वान किया। रामबाग स्थित मत्स्य सोसाइटी भवन में गुरूवार को हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीवर समाज के प्रदेश महासंरक्षक परमेश्वर फूटान थे। अध्यक्षता धीवर समाज धमतरी के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने की। विशिष्ट अतिथि होरीलाल मत्स्यपाल, सोसाइटी अध्यक्ष यशवंत कोसरिया, राजकुमार फुटान, सोनूराम नाग थे। कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मछुआरों का सम्मान किया गया। इस दौरान शैलेन्द्र नाग, धन्नाराम, मन्नूलाल कोसरिया, करियाराम ढीमर, अरूण बाई, शंकरलाल, भारत फुटान, सोनूराम कोसरिया, पुन्नी बाई आदि का सम्मान किया गया।



इस अवसर पर संरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि 21 नवंबर को विश्व मत्स्य दिवस मनाया जाता है। मत्स्य पालन, मछुआरों, मछली किसानों तथा पशुपालन के हितधारकों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए मत्स्य दिवस मनाया जाता है, लेकिन आज भी धमतरी समेत छत्तीसगढ़ में मछुआरों को आदिवासी का दर्जा पुनः बहाल करने की मांग को लेकर संघर्षरत हैं। उन्होंने बताया कि साल 1950 से पहले मछुआरों को आदिवासी का दर्जा प्राप्त था, लेकिन बाद में संविधान संशोधन के समय त्रुटिवश मछुआरों का नाम आदिवासी आरक्षण की सूची से हट गया। मछुआरों के हित में इसे फिर से आदिवासी सूची में जोड़ा जाए। धीवर समाज के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने कहा कि धमतरी में मछुआरों की आबादी करीब 10 हजार तथा पूरे प्रदेशभर में करीब 30 लाख है। मछली पालन नीति बनाते समय मछुआरों का काफी अहित किया गया था। आरक्षण के लिए एक मंच में आकर संघर्ष करेंगे। धमतरी मत्स्य सोसाइटी के अध्यक्ष यशवंत कोसरिया, राजकुमार फुटान ने कहा कि मछुआ नीति में संशोधन कर गैर समूह के बदले मछुआ समूह को ही तरिया-डबरी देने की मांग की।

### निगम के हड़ताली कर्मी महापौर से मिले

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने गुरुवार दोपहर 3 बजे महापौर सफीरा साहू और एमआईसी सदस्यगण नरसिंग राव, योगेंद्र पांडे, यशवर्धन राव से मुलाकात की। इस मुलाकात में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को रखा और महापौर ने उन्हें आश्वस्थ किया कि उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाया जाएगा। निगम के जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों की मांगों को ध्यान से सुना कर्मचारी नेताओं से अपील की कि वे मूलभूत सुविधाएं को जारी रखें,जिससे कि शहर की जनता को असुविधा न हो और जनहित में तत्काल अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त करने का आग्रह किया।

## पेज 11 के शेष

### विधायक ने आदिवासी...

,शोएब अहमद, विजय नेताम, रामजी भुवार्य, बृज उसेण्डी, रामप्रसाद तेता ग्राम पटेल, भारत गोटा गायता, हिरवेंद्र साहू विधायक प्रतिनिधि, महेश सलाम, बद्रीनाथ शांडिल्य, पुखराज कोसमा, अशोक पटेल, मोहन सिन्हा, तुलसी ठाकुर, रोहणी निर्मलकर, पुनीत यदु, वीरेन्द्र नेताम, झगरू धनकर, समरेश शोरी, सालिक मण्डावी, रामाधीन गोटा, इंदल गोटा,ध्रुव साहू, दशरत साहू व चिल्हाटीइ गांव के समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कम पानी की...

लाभकारी फसलों की खेती के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कृषकों को प्रशिक्षण व पर्याप्त मात्रा में ग्रीष्मकालीन फसलों के बीजों की उपलब्धता व प्रोत्साहन विभाग के द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। विभाग के द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन, मक्का की फसल का प्रदर्शन लगाने पर 5000 रूपए की आदान सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है।

### मतदाता सूची में...

अभिहित अधिकारी के पास 28 नवम्बर 2024 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, त्रुटि सुधार करने तथा नाम विलोपन हेतु निर्धारित प्रपत्र में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे-आपत्तियों की निराकरण 24 दिसम्बर तक किया जाएगा। इसके पश्चात 06 जनवरी 2025 को फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### एआईसीटीई अटल कार्यशाला का हो रहा आयोजन

**गीदम।** पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए पूरे भारत में विभिन्न उभरते क्षेत्रों में कुल 50 एफडीपी ऑफ़लाइन मोड में निर्धारित किए गए हैं और छत्तीसगढ़ में कुल 4 कॉलेजों को एफडीपी आयोजित करने का अवसर मिला है। एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा उन तीन संस्थानों में से एक है जिन्हें यह अवसर मिला है। यह बड़े गर्व की बात है कि बस्तर क्षेत्र में यह संस्थान ऐसा करने वाला एकमात्र पॉलिटेक्निक है। अटल कार्यशाला के चतुर्थ दिवस में उच्च एन्ट्रॉपी मिश्र धातु के लक्षणों एवं वेल्डिंग के विषय पर चर्चा हुई। चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में डॉ सौरव चंद्राकर सहायक प्रोफेसर (एन आई टी कर्नाटक) ने डिफरेंट मैकेनिकल प्रॉपर्टीज ऑफ हाई एंट्रॉपी एलॉय पर चर्चा की । उन्होंने अपने सत्र में विभिन्न उपायों की चर्चा एवं व्याख्या की। द्वितीय सत्र में ऋतुराज चंद्राकर ने इफेक्ट ऑफ एलॉयिंग एलिमेंट एंड प्रोसेसिंग रूट ऑन एच ई ए को बताया। इस सत्र में विभिन्न डिज़ाइन प्रक्रिया हाई एंट्रोपी एलॉय के गुणों को बताया गया। एफडीपी के समन्वयक ऋतुराज चंद्राकर ने सभी प्रतिभागियों को सत्र के बाद विभिन्न कार्य करने की जानकारी दी।

# डीलर से रंगाई पोताई का काम करा लेते हैं सरपंच, सचिव

## सीसी सड़क निर्माण में भी करके दिखा दी डंडीमारी

***बकावंड ब्लॉक के लिए ही बनी है अंधेर नगरी, चौपट राजा वाली कहावत***

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड






अब तक आप और हम सब्जियों, मांस मटन, मछली और अनाज की तौलाई में डंडीमारी की बात देखते सुनते आए हैं, मगर बस्तर जिले में तो सड़क में भी डंडीमारी कर दी जाती है। टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन बेचने वाले डीलर से कीपर सरकारी भवनों की रंगाई, पोताई, पुट्टी का काम करा लिया जाता है, बोर मशीन संचालक सड़कें भी बनवा ली जाती हैं। एक गोठान में एक ही समय दो अलग-अलग फर्मों से बोर करा लिया जाता है। ये बकावंड विकासखंड है जनाब। यहां की ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव जो न करें कम है। वे तो चांद और मंगल ग्रह में भी बोर कराने के नाम पर सरकारी धन हजम करने की कूबत रखते हैं। मजे की बात तो यह है कि इन तथाकथित कार्यों के नाम पर वरिष्ठ अधिकारी राशि भुगतान की स्वीकृति भी आंख मूंदकर दे देते हैं। अंधेर नगरी, चौपट राजा वाली कहावत शायद बकावंड ब्लॉक के लिए ही बनी है। अधिकारियों की ऐसी कृपा के चलते सरकारी खजाने को जमकर चूना लगाते हुए सरपंच, सचिव और अधिकारी मालामाल हो रहे हैं।

बकावंड जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिवों के अजब-गजब कारनामे लगातार सामने आ रहे हैं। मामला उजागर होने के बाद भी इन सरपंच सचिवों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इससे लगता है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि यहां तो पूरी दाल ही काली है। मामला बकावंड जनपद की ग्राम पंचायत बदलावंड का है, जहां सरपंच सचिव ने न सिर्फ सड़क की डंडीमारी की है, बल्कि और भी कई ऐसी कारगुजारियां कर दिखाई हैं, जिनके बारे जानकर हर किसी के मुंह से अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत निकल पड़ती है। बकावंड ब्लॉक में अधिकारियों और सरपंच सचिवों सरकारी धन की लूट मचा रखी है। सरपंच सचिव काम रत्ती भर नहीं कराते और पूरी रकम डकार जाते हैं। जनपद पंचायत बकावंड के 15वें वित्त आयोग मद से ग्राम पंचायत बदलावंड सीसी सड़क निर्माण कार्य का राशि 3 लाख रूपय 15 गोविंद के घर के पास से गोठान तक 300 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण के लिए इसी साल की शुरुआत में तीन लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। सड़क मात्र ढाई सौ मीटर लंबी बनाई गई। यानि 50 मीटर सड़क की डंडीमारी कर ली गई। यही नहीं सड़क निर्माण में गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं रखा गया है। घटिया स्तर की सीमेंट, कांक्रिट और रेत का इस्तेमाल किए जाने की वजह से चार पांच माह में ही सड़क की धज्जियां उड़ गई हैं। इस पंचायत में सरपंच सचिव हर कार्य और सरकारी योजना की धज्जियां उड़ा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन, गांव में नाली तालाब की साफ-सफाई के नाम से राशि हासिल कर ली है, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ काम नहीं हुआ है। नाली को आधा- अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया है। पंचायत भवन की मरम्मत के नाम पर राशि निकाल ली गई है, लेकिन मरम्मत अभी तक नहीं कराई गई है। पंचायत भवन की पुट्टी व पोताई करने के नाम से फर्म जयवीर इलेक्ट्रॉनिक्स को 44 हजार 100 रुपए का भुगतान करना दर्शाया गया है। बड़ झाड़ से खेत तक सीसी रोड निर्माण के नाम से 2 लाख 49 हजार 500 रुपए का भुगतान दिलेश ट्रेडर्स को करना बताया गया है। इसी फर्म को गोठान में बोर कराने की राशि 1 लाख 1 हजार 135 रुपए का भुगतान करना बताया गया है। वहीं गोठान में ही बोर के नाम पर दूसरे फर्म मां दंतेश्वरी बोरवेल को 52 हजार का भुगतान किया गया है। इन सभी तथाकथित कार्यों के भुगतान के वाउचर 30 सितंबर 2024 की तिथि में बने हैं। इन वाउचर को देखने से पता चल जाता है कि ग्राम पंचायत में सरकारी रकम को हड़पने के लिए कैसे-कैसे हठकंडे अपनाए जा रहे हैं। बदलावंड के मुख्य मार्ग के पास विधायक निधि के तीन लाख की लागत से बनाया गया रंगमंच वह 3 साल में ही क्षतिग्रस्त हो गया है। उसकी छत ढहने की स्थिति में है। छत को ढहने से रोकने के लिए एक बल्ली का सहारा दिया गया है। इस मंच पर छोटे बच्चे खेलने जाते हैं। कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है।

### होगी कड़ी कार्रवाई

जनपद की सभी 93 पंचायतों में इसी तरह का काम हो रहा है। सचिव सरपंच को कई बार समझा चुका हूं। इस तरह की गड़बड़ी कर रहे हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे और राशि की रिकवरी भी होगी।

-एसएस मंडावी,
सीईओ, जनपद पंचायत बकावंड

### सभी करते हैं, तो हम क्यों न करें

इन तमाम गंभीर मामलों में ग्राम पंचायत के सचिव गोवर्धन सिन्हा का बड़ा अजीबो गरीब बयान आया है। सचिव की बात में भ्रष्टाचार की स्वीकारोक्ति तो है ही, विकासखंड की हर ग्राम पंचायत में ऐसा खेल चलने की पुष्टि भी होती है। जब सचिव गोवर्धन सिन्हा से कार्य न होने पर भी भुगतान किए जाने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में इसी तरह से काम किया जा रहा है। यह कोई नई बात नहीं है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तोंगपाल में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले के विकासखंड छिंदगढ़ के ग्राम तोंगपाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कई वर्षों से संचालित है परन्तु वर्तमान में यहाँ एक भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं है, यह समस्या शुरू से बनी हुई है, यहां कोइ भी नियमित एमबीबीएस डॉक्टर नहीं हैं। देखा जाये तो सुकमा जिला में बड़ी आबादी वाला ग्राम तोंगपाल है, इससे जुड़े कई ग्राम पंचायत जैसे मारेंगा, टाहकवाड़ा, लेदा, सगुनघाट, कनकापाल, हमीरगढ़, जेमेर, कावराकोपा, इत्यादि सभी स्वास्थ्य गत कारणों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तोंगपाल पर ही निर्भर रहते है, लेकिन यहां डॉक्टर की कमी हमेशा से रही है, तोंगपाल का अस्पताल सिर्फ 2 डॉक्टर से ही चल रहा जिसमे सेक्टर इंचार्ज डॉक्टर जायसवाल और डॉक्टर राजीव दुबे हैँ ये दोनों भी एमबीबीएस नहीं हैँ, पूरा अस्पताल अधिकतम समय नर्स के भरोसे ही चलता है। एक ओर जहाँ प्रशासन स्वास्थ्य को लेकर मुहीम चलाता और दूसरी तरफ इतनी घनी आबादी वाले क्षेत्र तोंगपाल में एक भी एमबीबीएस डॉक्टर की व्यवस्था भी नहीं कर पाते। लगभग दस हजार की संख्या इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर है। इस संख्या को देखते हुए यहाँ एक पुरुष और एक महिला एमबीबीएस डॉक्टर की अति आवश्यकता है। डॉक्टर के अभाव में पोस्टमार्टम भी नहीं हों पाता इसलिए लिए लाश को छिंदगढ़ या सुकमा ले जाना पड़ता है।प्रतिदिन कई मरीजों को डॉक्टर के अभाव के कारण सुकमा या जगदलपुर जिला अस्पताल में रेफर कर दिया जाता। प्रशासन अगर जल्द से जल्द तोंगपाल में एक महिला एमबीबीएस और एक पुरुष एमबीबीएस की नियुक्ति नहीं करेगा तो इसके लिए सकारात्मक आंदोलन किया जावेगा ऐसा ग्रामवासियों का कहना है।

# ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता के समापन में पूर्व मंत्री ने युवा खिलाड़ियों में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज : बीजापुर




बीजापुर के मिनी स्टैडियम में आयोजित बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता एंव भैरमगढ़ के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन के बाद गुरूवार 21 नवम्बर को भव्य समापन हुआ। बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय आयोजन में छत्तीसगढ़ शासन के दोनो उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं विजय शर्मा सहित खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने शामिल होकर बस्तर ओलंपिक आयोजन को और भी खास बना दिया। भैरमगढ़ के समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी एवं पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने शामिल होकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

वहीं बीजापुर के प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मंत्री महेश गागड़ा ने खिलाड़ियों में नया जोश भरा जिससे खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला आतिश बाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बस्तर ओलंपिक का भव्य समापन हुआ। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने खिलाड़ियों में जोश भरते हुए हमेशा मेहनत और लगन से सफलता हासिल करने की प्रेरणा दी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नए सोच और संकल्प को पूरा करने बस्तर ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपने जीत का डंका बजाने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर संबित मिश्रा ने व्हालीबाल के फाईनल मैच को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का मैच बताते हुए संभाग स्तर पर इसी तरह के प्रदर्शन कर जीत हासिल करने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

समापन समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पहुंचने पर सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव में युवा खिलाड़ियों को मेहनत और लगन प्रयास करने की प्रेरणा दी। वहीं आईएएस, आईपीएस बनने के लिए मोटिवेशन स्पीच भी दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बी पुष्पा राव, वरिष्ठ नागरिक श्रीनिवास मुदलियार, संजय लुक्कड़ सहित एसडीएम बीजापुर उत्तम सिंह पंचारी, जिला खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, सीईओ जनपद पंचायत गीत कुमार सिन्हा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकगण उपस्थित थे।

# हाईवे में लगे सोलर स्ट्रीट लाइट सो पीस का बना केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



नेगानार ग्राम पंचायत के हाइवे में सोलर स्ट्रीट लाइट कई महीनों से बंद पड़ा है, बार-बार विभाग को फोन के माध्यम से जानकारी दी जाती रही है लेकिन क्रेड़ा विभाग सूपता अवस्था में है। स्ट्रीट लाइट के बंद होने से इस गांव में कई बार दुर्घटना घट गई है और तो और कई लोग घायल भी हों चुके है। रात्रि कालीन सोलर स्ट्रीट लाइट के नहीं जलने से मुख्य मार्ग पर कई घरों में चोरों ने अपना हांथ भी साफ किया है।

हरिभूमि में कई बार खबर प्रकाशित होने पर भी क्रेड़ा विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। सोलर स्ट्रीट लाइट नहीं जलने का कारण बैटरी है, जो कई महीनों से खराब अवस्था में है जिसके चलते चार्ज नहीं हो पा रहा है। सारे बैटरी खराब अवस्था में पड़े है, लेकिन आज पर्यन्त तक भी किसी प्रकार की सोलर स्ट्रीट लाइट को सुधारने का कार्य नहीं किया गया है। ज्ञात हो कि इस समस्या के संबंध में जिला प्रशासन को भी कई बार अवगत किया गया हैं लेंकिन उनके द्वारा भी नजर अंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग है की इस ओर ध्यान देकर सोलर स्ट्रीट लाइट को सुधार करे ताकि रात्रि कालीन बस्ती के हाइवे में लगे सोलर स्ट्रीट लाइट बंद पड़े है। इन्हे जल्द से जल्द बनाई जाये ताकि इस ठंडी में राहत तो मिल सके। इस विषय पर ज़ब कनिस्ट अभियंता से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा कहा गया की हमारे पास किसी भी प्रकार की मरम्मत हेतु राशि नहीं है जिसके चलते सोलर स्ट्रीट लाइट की मरम्मत नहीं की जा रही है। दरभा क्षेत्र मे लगे हाइवे के ऊपर सारे सोलर स्ट्रीट लाइट बंद पड़े है, कारण रख रखाव के अभाव में नहीं जल रहे है विभाग चुप्पी सांधे है।

# चित्रकोट जलप्रपात में गंदगी को लेकर युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार को घेरा



**लोहंडीगुड़ा।** बस्तर के चित्रकोट जलप्रपात परिसर में बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक के बाद का दृश्य बेहद शर्मनाक रहा। परिसर में फैले कचरे और गंदगी को देखकर युवा कांग्रेस चित्रकोट विधानसभा अध्यक्ष भंवर मौर्य ने स्वयं सफाई का बीड़ा उठाया। सफाई के दौरान शराब की बोतलें भी मिलीं, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा सरकार के दावों और वास्तविकता में बड़ा अंतर है। भंवर मौर्य ने इसे लेकर भाजपा सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जो सरकार शराबबंदी की बात करती है, वही अपने कार्यक्रमों में ऐसे उदाहरण प्रस्तुत करती है जो उनके दावों को झूठा साबित करते हैं। स्वच्छता और नैतिकता के प्रति भाजपा के इस रवैये ने एक बार फिर उनकी कथनी और करनी के फर्क को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि चित्रकोट जैसे विश्वप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पर इस प्रकार की लापरवाही न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है बल्कि यह पूरे बस्तर की छवि को भी धूमिल करती है। भंवर मौर्य ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यदि सरकार जिम्मेदारी से काम नहीं कर सकती, तो उसे जनता से झूठे वादे करने का कोई हक नहीं है। यह घटना प्रशासन और सरकार दोनों के लिए आत्ममंथन का विषय है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों को गंभीरता से लेना होगा, अन्यथा आने वाली पीढ़ियां इस लापरवाही का खामियाजा भुगतेंगी। इस सफाई अभियान में युवा कांग्रेस लोहंडीगुड़ा ब्लॉक



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### छात्राओं ने नाला में अस्थाई बांध का किया निर्माण



**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम भोंड में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस्तर द्वारा आयोजित एनएसएस शिविर के पांचवा दिन छात्राओं ने ग्राम भोंड में जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। एनएसएस के छात्राओं ने ग्राम भोंड के घोड़ाबाहर नाला में अस्थाई चेक डैम बोरी बंधान कर पानी को रोका गया। इस अस्थाई डेम से गांव के पशु, पक्षी, मवेशी को पानी उपलब्ध हो पाएगा। इस दौरान उपस्थित उपसरपंच जलन कश्यप, रुकधर बघेल, कृपालु कश्यप सहित एनएसएस के छात्राओं व शिक्षिका ग्रामीण मौजूद रहे। शिविर में एनएसएस कैंप में महिला बाल विकास विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं और गर्भवती माता के पोषण संबंधी जानकारी दी गई। जिसमें किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता आयरन गोली और टीकाकरण पोषण संबंधी जानकारी पौष्टिक आहार रेडी टू ईट इसकी जानकारी दी गई। तथा गर्भवती माता को प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात तथा गर्भावस्था की देखभाल उनके खान-पांच स्वच्छतामां का पहला दूध बच्चों की देखभाल नवजात शिशु की देखभाल बच्चों के टीकाकरण सभी विषयों पर जानकारी दी गई।



# स्वच्छता ही सेवा की थीम में सात दिवसीय रासेयो शिविर आयोजित

## प्रभात फेरी, योगाभ्यास और बौद्धिक सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

राष्ट्रीय सेवा योजना की शाउमावि लिलेझर एवं शाउमावि जेपरा का संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम चारभाटा में 19 से 25 नवंबर तक संचालित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन चारभाटा सरपंच कमलकांत कश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ। स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा थीम पर आयोजित इस सात दिवसीय शिविर के शुभारंभ के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अमित सक्सेना ने सात दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा समस्त अतिथियों के समक्ष रखी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच कमलकांत कश्यप ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को अपने ग्राम में किए जाने वाले कार्य योजना से परिचित कराया एवं उन्हें प्रोत्साहित करते हुए ग्राम से हर तरह की संभव मदद देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष हिमालय सिंह गंगराले ने अपने उद्बोधन भाषण में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं उसके उद्देश्य के बारे में ग्राम वासियों को बताया। इस संयुक्त शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा प्रातः जागरण, प्रभात फेरी, पीटी एवं योगाभ्यास, परियोजना कार्य, बौद्धिक सत्र के अंतर्गत विभिन्न विभागों की जानकारी, ग्राम सर्वे एवं विभिन्न सामाजिक जागरूकता संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम अधिकारी योगेंद्र चंद्राकर ने समस्त अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया।



### शामिल हुए

कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता विजय कुमार राय, दल नायक द्वय पुष्पेंद्र एवं गुलशन ने किया। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच योगेश गावड़े, प्राचार्य शेख सज्जाद खान जेपरा, दोनों विद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी अमित सक्सेना, योगेंद्र चंद्राकर, चारामाटा प्राचार्य विजय कोसरिया, प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकगण एवं ग्राम के पंच किशन कश्यप गणमान्य नागरिक दिनेश सिन्हा, नीलकंठ साहू एवं विद्यालयों के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर कोर्स के प्रशिक्षण के लिए 26 नवंबर को काउंसिलिंग

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कांकेर एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानुप्रतापपुर में 25-25 सीटों में डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि प्रशिक्षण के लिए 26 नवम्बर को सुबह 11 बजे से काउंसिलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है, जो इस प्रशिक्षण में जुड़कर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं। वे शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में काउसिलिंग के लिए संबंधित आईटीआई में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### सहायक शिक्षकों की पदोन्नति के लिए काउंसिलिंग तिथि में आंशिक संशोधन

**कांकेर।** सहायक शिक्षक संवर्ग से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति के लिए पात्र 219 सहायक शिक्षक संवर्ग की पदस्थापना के लिए 22 नवम्बर को काउंसिलिंग किया जाना था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए उक्त काउंसिलिंग का आयोजन 25 नवम्बर को सुबह 11 बजे से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा।

### जहर खाने से अधेड़ की हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत चारामा निवासी 72 वर्षीय बाबूलाल सोनकर पिता स्व. फतूराम की इलाज के दौरान धमतरी के निजी अस्पताल में 9 फरवरी को मौत हो गई। थाना धमतरी में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी चारामा थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### ग्रामसभा का आयोजन 25 से 30 नवम्बर तक

**कांकेर।** कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर मुनादी कराएं। साथ ही ग्रामसभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के बाद लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ग्रामसभा निर्णय मोबाईल एप में अपलोड कर ग्रामसभा के गतिविधियों को वाइब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराकर निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन जिला कार्यालय को 2 दिसम्बर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### 4 बूथ अध्यक्ष निर्वाचित


**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी है। संगठन के चुनाव अधिकारी बूथ स्तर पर समिति के चयन कार्य के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुट चुके हैं।

## लापरवाही : पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत किया गया था निर्माण

# कोदापाखा की सड़क हुई जर्जर, पांच पंचायत के प्रमुखों ने कलेक्टर के नाम पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

दुर्गूकोंदल से कोदापाखा मुख्य सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनी पर अब सड़क पूरी तरह जरजर हो चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिसमें लोगों का उस मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है। खराब सड़क होने के चलते शिकायत विभाग को कई बार किया गया है, लेकिन इसके बावजूद सड़क की हालत जस की तस पड़ी हुई। कोदापाखा के 5 पंचायतों के प्रमुखों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को खराब सड़क के लिए ज्ञापन सौंपा है।



दुर्गूकोंदल से कोदापाखा मुख्य सड़क प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनी हुई है, जो कि विगत कई महीनों से पूरी तरह जरजर हो चुकी है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं व लोगों का उस मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है। खराब सड़क होने के चलते उस मार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटना हो जाती है। खराब सड़क के वजह से उस मार्ग पर कई लोगों को अपना जान तक गंवाना पड़ गया है, जिसकी शिकायत विभाग को कई बार किया गया है।

देवलाल नरेटी ने कहा कि कोदापाखा के जनपद सदस्य होने के नाते जनपद पंचायत के सामान्य में विभागीय अधिकारियों को बार बार अवगत करा चुका हूं, लेकिन इसके बावजूद सड़क की हालत जस की तस पड़ी हुई। क्षेत्र के लोगों को आवागमन के लिए बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अगर तत्काल सुधार नहीं किया जाता है तो क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर करेंगे आंदोलन। जगत दुग्गा ने कहा कि खराब सड़क को लेकर प्रशासन को अवगत करा करा थक चुके हैं, लेकिन हमारी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। यदि तत्काल सुधार नहीं होती तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। पाउरखेड़ा के पूर्व सरपंच तुलसी मातलाम ने कहा कि क्षेत्र के स्कूली बच्चों व लोगों को आने जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन सुगम हो सके इसके लिए प्रशासन को तुरन्त पहल करना चाहिए, अन्यथा हमारे पास आन्दोलन के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचता। यदि जल्द ही मांग पूरा नहीं होता तो क्षेत्रवासी आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर गुलाब बघेल, अनुज खरे, हीरालाल खरे, छिंदीलाल कोमरा, प्रभुराम, सुमेश देहारी, अस्सीराम, सुनील आदि क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

# हमर लक्ष्य के तहत दुर्गूकोंदल में चलाया जा रहा है अनुरोध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

दुर्गूकोंदल विकासखंड में हमर लक्ष्य के तहत अनुरोध कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। कुछ पढ़ाई से दूर हो रहे छात्र-छात्राओं को उनके निवास स्थान खेत खलियान से समझा कर स्कूल तक लाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। स्कूलों की उपस्थिति में भी वृद्धि हुई है एवं शिक्षकों के अथक प्रयास से पालकों पर भी असर पड़ा है और वह अपने बच्चों को स्कूल तक छोड़ रहे हैं।

अनुरोध कार्यक्रम से कक्षा दसवीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम को सुधार करने में मददगार साबित होगा। यह कार्यक्रम हायर सेकेंडरी हाई स्कूल के अतिरिक्त माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों पर भी चल रहा है। अनुरोध कार्यक्रम के तहत लंबे समय से अनुपस्थित ब्लॉक के लगभग 37 बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ा गया है।

अनुरोध कार्यक्रम के नोडल सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, संकुल प्राचार्य सेजेस एसडी दास, प्राचार्य कोंडे बीएल कोमरे, प्राचार्य मेडो हेमंत श्रीवास्तव एवं समस्त संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, शंकर नागवंशी, किशोर विश्वकर्मा, रामचंद्र दुग्गे, बलराम भोयर, सुखदेव कोड़ोपी एवं राजकुमार चंद्राकर के साथ समस्त संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के साथ-साथ शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा भी यह कार्य बहुत ही निष्ठा के साथ किया जा रहा है और आगे यह कार्य चलता ही रहेगा।

# सड़क परिवहन मंत्री को नपं अध्यक्ष ने एनएच बायपास के लिए लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नितीन गडकरी को नगर पंचायत चारामा के अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने पत्र लिखकर नगर पंचायत चारामा के एनएच में नाली निर्माण एवं सड़क चौडीकरण में बॉयपास निर्माण के संबंध में अनुरोध किया है। नपं अध्यक्ष के लिखे गए पत्र में छत्तीसगढ राज्य के जिला कांकेर अंतर्गत बस्तर के प्रवेश द्वार पर स्थित नगर पंचायत चारामा जहां से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 गुजरता है, इस राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 का चौड़ीकरण लगभग 8 वर्ष पूर्व हुआ था। चौड़ीकरण के दौरान नगर क्षेत्र की सीमा तक डिवाडर के साथ सड़क का निर्माण तथा सड़क किनारे नालियों का निर्माण किया गया था, परंतु नालियों का निर्माण कुछ इस तरह से किया गया है कि बारिश के दिनों में इन नालियों से वर्षा जल की निकासी संभव ही नहीं हो पाती है और इस कारण राजमार्ग के दोनों ओर अत्याधिक जल भराव हो जाता है। अधिकांशतः दुकाने एवं मकान राजमार्ग के दोनो ओर ही स्थित है। इस कारण बारिश के दिनों में राजमार्ग पर अत्याधिक जल भराव होने एवं निकासी नहीं होने के कारण सड़क से लगे दुकान व मकानों में पानी घुसने से नुकसान होता है और साथ ही आवागमन में भी असुविधा होती है। इस समस्या पर कई बार राजमार्ग विभाग के संबंधित क्षेत्र के



अधिकारियों को अवगत कराया गया है, परंतु उनके द्वारा इस गंभीर समस्या के उचित समाधान के लिए अब तक कोई पहल नहीं किया गया है, जिसके कारण नगरवासियों में बहुत अधिक नाराजगी है। आम जनमानस द्वारा जिसका ठीकरा नगर पंचायत प्रशासन पर उतारा जाता है। आगामी कुछ माह में नगरीय निकाय निर्वाचन भी होना है और नगर से गुजरने वाले राजमार्ग पर जल भराव की समस्या एक गंभीर विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार राजमार्ग क्रमांक 30 का पुनः धमतरी से जगदलपुर तक 4 लेन चौड़ीकरण किया जाना है। जब भी 4 लेन सड़क निर्माण कार्य किया जाए तो इसका विस्तार नगर सीमा से न करते हुए अपितु नगर सीमा के बाहर राजमार्ग 30 से लगे ग्राम कंडेल पुलिया से नगर क्षेत्र होते हुए ठाकुर दाई, सरार तालाब किनारे से होकर दरगहन होते हुए पुनः राजमार्ग 30 में पिच्चेगुड़ा जैसाकर्रा में मिलती है, जिसका सर्वे कार्य पूर्व में हो चुका है। इसे ही 4 लेन सड़क निर्माण के बॉयपास के रूप में चिन्हित कर नगर सीमा से बाहर बॉयपास सड़क निर्माण कार्य कराए जाने की माँग किया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका हुईं सम्मानित

**कांकेर।** जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। जिले के 8 परियोजनाओं के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के द्वारा विभागीय योजनाओं को अन्य विभागों के समन्वय से सुचारू रूप से क्रियान्वयन कर आंगनबाड़ी के बच्चों को कुपोषणमुक्त कर उनके सर्वांगीण विकास में योगदान दिए जाने पर उन्हें विधायक आशाराम नेताम द्वारा सम्मानित किया गया। महिला बाल विकास की प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज ने बताया कि उक्त सम्मान समारोह में विधानसभा क्षेत्र की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को उनके उल्लेखनीय कार्य की सराहना करते हुए बाकी सभी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही चयनित कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह






देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बाल विवाह की रोकथाम एवं नशामुक्ति अभियान के लिए सभी उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। सम्मान समारोह कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, तरेन्द्र भण्डारी सहित जिला बाल संरक्षण अधिकारी, चाईल्ड हेल्प लाईन के समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

# बिना डर के थाना पहुंचे और दें आपराधिक तत्वों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

थाना जनता की सुरक्षा के लिए है इसलिए बिना झिझक व डर के थाना पहुंचे और सहयोग करते हुए अपराधिक तत्वों की जानकारी दें ताकि अपराध रोकने व अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। यह कहना था परपा पुलिस को जो उन्होंने बुधवार को थाना परिसर में आयोजित पुलिस व जनता के बीच समन्वय के लिए आयोजित बैठक में क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक पंचायतों के सरपंचों को सम्बोधित करते हुए सहयोग की अपील की। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले अपराध



की रोकथाम के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी महेश्वर नाग व डीएसपी नसीर बाठी के मार्गदर्शन में पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल और संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी भोलासिंह राजपूत की अध्यक्षता में सरपंचों एवं ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी ने बताया की बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच संवादहीनता को समाप्त कर परस्पर विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देना था। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित होने से न केवल अपराधों में कमी लाई जा सकती है बल्कि असामाजिक गतिविधियों पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। ग्रामीणों को बताया गया कि कई बार उनके पास अपराध या संदिग्ध गतिविधियों की महत्वपूर्ण सूचना होती है लेकिन थाना आने में झिझक या डर के कारण वे यह जानकारी साझा नहीं कर पाते और जिसका सीधा लाभ असामाजिक तत्वों को मिलता है जिससे अपराधों में बढ़ोतरी होती है। बैठक में परपा थाना क्षेत्र के 97 गांव के जनप्रतिनिधि व ग्राम प्रमुख शामिल हुए।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
■ कमर
■ जांघ,
■ आर्म
■ वक्ष स्थल
■ शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा
लाइपोसक्शन
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# सत्य साईं बाबा जन्मोत्सव पर महा भंडारा आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगवान श्री सत्य साईं बाबा का 99 वें जन्मोत्सव समारोह 23 नवंबर तक संपूर्ण विश्व में साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। शहर के मोती तालाब पर स्थित श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा शनिवार को मंदिर में प्रातः 5.30 पर ओमकाराम, सुप्रभातम किया जाएगा। तत्पश्चात मंदिर से नगर संकीर्तन निकल जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर में संपन्न होगा। उसके बाद मंदिर में ध्वजारोहण कर आरती का कार्यक्रम किया जाएगा। तत्पश्चात प्रातः 11.30 से दोपहर 3 बजे तक महानारायण सेवा भंडारा का आयोजन मोती तालाब पारा स्थित जैन वाटिका में होगी। संध्या का कार्यक्रम संध्या 6 बजे से संध्या 6.30 तक वेद पाठ संध्या 7 बजे तक सामूहिक भजन संध्या, 7 बजे से संध्या 7.20 तक से साइन बाबा का संदेश एवं वीडियो शो संध्या 7.20 से रात्रि 8.25 बजे तक बाल विकास बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया जाएगा।

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
17 दिसंबर 2024
21 दिसंबर 2024
24 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
26 फरवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 30 अप्रैल से 13 मई 2025
03 मई से 16 मई 2025, 08 मई से 21 मई 2025
14 मई से 27 मई 2025, 19 मई से 01 जून 2025,
22 मई से 04 जून 2025, 25 मई से 07 जून 2025
02 जून से 15 जून 2025, 05 जून से 18 जून 2025,
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511